**A**

**Series**

# QUESTION BOOKLET

## प्रश्न-पुस्तिका

**Sr. No.**

Roll No. (in Figures) रोल नं. (अंकों में) : ____________________

Roll No. (in Words) रोल नं. (शब्दों में) : ____________________

**समय : 2 घण्टे** | **छंटनी परीक्षा** | **अधिकतम अंक : 85**

**Time : 2 Hours** | **Screening Test** | **Maximum Marks : 85**

**PLEASE READ THIS PAGE CAREFULLY.**

**Note :** Candidate should remove the sticker seal and open this Booklet **ONLY** after announcement by centre superintendent and should thereafter check and ensure that this Booklet contains all the **16 pages** and tally with the same Code No. given at top of first page & the bottom of each & every page. If you find any defect, variation, torn or unprinted page, please have it replaced at once before you start answering.

**IMPORTANT INSTRUCTIONS :**

1. The Answer sheet of a candidate who does not write his Roll No., or writes an incorrect Roll No. on the title page of the Booklet and in the space provided on the Answer sheet will neither be evaluated nor his result declared.
2. The paper contains **170** questions.
3. Attempt all questions as there will be no Negative Marking.
4. The questions are of objective type. Here is an example. Question : 8 Taj Mahal was built by_____
   (A) Sher Shah (B) Aurangzeb
   (C) Akbar (D) Shah Jahan
   The correct answer of this question is Shah Jahan. You will therefore darken the circle with ink pen below column (D) as shown below :
   Q.8 A ○ B ○ C ○ D ●
5. Each question has only one correct answer. If you give more than one answer, it will be considered wrong and it will not be evaluated. **Changing, cutting, overwriting and erasing of an answer will be treated as wrong answer.**
6. The space for rough work wherever provided may be utilized by the candidate. You are not to use any portion of the Answer Sheet for rough work.
7. Do not mutilate this booklet in any manner. Serious damage/mutilation may entail disqualification.
8. Do not leave your seat until the Answer Sheets have been collected at the close of the examination.
9. Candidate will not leave the examination room till stipulated time is over and only after he has handed over the Answer Sheet to the staff on duty.

**कृपया इस पृष्ठ को ध्यानपूर्वक पढ़ें ।**

**नोट :** प्रत्याशी केवल केन्द्र संचालक द्वारा घोषणा पर ही स्टीकर सील हटा कर इस पुस्तिका को खोलें और जाँच कर लें और सुनिश्चित कर लें कि इसमें **16 पृष्ठ** हैं और सभी पृष्ठों के नीचे दिये गये कोड नम्बर पहले पृष्ठ पर सबसे ऊपर दिये गये कोड नम्बर से मिला लें । यदि कोई त्रुटि पायें तो उत्तर देने से पहले तुरन्त इसे बदल लें ।

**महत्त्वपूर्ण निर्देश :**

1. जो प्रत्याशी अपनी पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ एवं उत्तर पुस्तिका में निर्दिष्ट स्थान पर अपना रोल नं. नहीं लिखेगा या गलत लिखेगा उसकी उत्तर पुस्तिका की न तो जाँच की जायेगी और न ही उसका परीक्षा परिणाम घोषित किया जायेगा ।
2. प्रश्न पुस्तिका में **170** प्रश्न हैं ।
3. सभी प्रश्न हल करें क्योंकि नकारात्मक अंकन नहीं होगा ।
4. प्रश्न उद्देश्य पूरक है । उदाहरण के तौर पर
   प्रश्न : 8 ताज महल का निर्माण ______ ने करवाया था ।
   (A) शेरशाह (B) औरंगजेब
   (C) अकबर (D) शाहजहाँ
   इस प्रश्न का सही उत्तर है शाहजहाँ । इसलिये आप उत्तर पुस्तिका के कॉलम (D) के नीचे प्रश्न 8 के सामने दिये गये खाली वृत्त को स्याही वाले पेन से पूरा भर देंगे, जैसा कि नीचे दर्शाया गया है ।
   Q.8 A ○ B ○ C ○ D ●
5. प्रत्येक प्रश्न का केवल एक सही उत्तर है । यदि आप एक से अधिक उत्तर देंगे, तो यह गलत समझा जायेगा और उसका मूल्यांकन नहीं किया जायेगा ।
   **(बदलने, काटने, दोबारा लिखने या मिटाने से उत्तर को गलत समझा जायेगा)**
6. जहाँ कहीं भी जगह दी गई हो उसे ही रफ कार्य के लिये प्रयोग करें । आपको उत्तर पुस्तिका के किसी भी भाग को रफ कार्य के लिये उपयोग नहीं करना है ।
7. किसी भी तरह से पुस्तिका को खराब न करें । गम्भीर रूप से नष्ट/खराब पुस्तिका के कारण आपको अयोग्य घोषित किया जा सकता है ।
8. अपने स्थान को तब तक न छोड़ें जब तक उत्तर-पुस्तिका को परीक्षा समाप्त होने पर इकट्ठा नहीं कर लिया जाता ।
9. प्रत्याशी तब तक परीक्षा हॉल नहीं छोड़ेगा या बाहर नहीं जायेगा जब तक कि परीक्षा समय समाप्त नहीं हो जाता और वह अपनी उत्तर-पुस्तिका परीक्षा में तैनात स्टॉफ को नहीं दे देता ।



https://snowstudy.in

Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान

Snow Study Himachal



https://snowstudy.in

## QUESTION BOOKLET

This question paper contains **170** questions. / इस प्रश्न पत्र में **170** प्रश्न हैं ।
**All** questions are compulsory. / सभी प्रश्न अनिवार्य हैं ।
One question carries **half** mark only. / एक प्रश्न के लिए केवल **आधा** अंक है ।

Maximum Marks : **85** — अधिकतम अंक : **85**
Time : **2** Hours — समय : **2** घण्टे

**1.** 'मण्डल क्रम' के अनुसार ऋग्वेद में सूक्तों की संख्या कितनी है ?
(A) 1039 (B) 1025 (C) 1028 (D) इनमें से कोई नहीं

**2.** 'अथर्ववेद' से सम्बन्ध रखने वाले ऋत्विज का नाम क्या है ?
(A) अध्वर्यु (B) उद्गाता (C) होता (D) ब्रह्मा

**3.** 'गान्धर्ववेद' किस वेद का उपवेद है ?
(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद (C) सामवेद (D) अथर्ववेद

**4.** 'गोपथ ब्राह्मण' का सम्बन्ध किस वेद से है ?
(A) अथर्ववेद (B) यजुर्वेद (C) ऋग्वेद (D) सामवेद

**5.** 'केनेषितं पतति प्रेषितं मनः' वाक्यांश का सम्बन्ध किस उपनिषद् ग्रन्थ से है ?
(A) ईशावास्योपनिषद् (B) केनोपनिषद् (C) तैत्तिरीयोपनिषद् (D) मुण्डकोपनिषद्

**6.** संस्कारों का वर्णन किन सूत्र ग्रंथों में उपलब्ध होता है ?
(A) ब्रह्म सूत्र (B) धर्म सूत्र (C) गृह्य सूत्र (D) श्रौत सूत्र

**7.** वेदपुरुष का 'हस्त' किस वेदांग को कहा गया है ?
(A) शिक्षा (B) व्याकरण (C) छन्द (D) कल्प

**8.** 'व' का उच्चारण स्थान क्या है ?
(A) कण्ठ (B) कण्ठ तालु (C) कण्ठोष्ठ (D) दन्तोष्ठ

**9.** सन्धि नियमों के अनुसार निम्न में से 'वृद्धि' किसे कहते हैं ?
(A) ओ और औ (B) ए और ऐ (C) ऐ और औ (D) ए और ओ

**10.** 'विष्णू इमौ' में प्रगृह्य संज्ञा विधायक सूत्र कौन सा है ?
(A) ईदूदेद् द्विवचनम् प्रगृह्यम् (B) ओत्
(C) अदसो मात् (D) ऋत्यकः

**11.** 'विश्वपा' शब्द का द्वितीया विभक्ति के बहुवचन में क्या रूप बनता है ?
(A) विश्वपाः (B) विश्वपान् (C) विश्वपः (D) इनमें से कोई नहीं



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

12. 'भू' धातु का लिट् लकार मध्यम पुरुष एकवचन में क्या रूप बनता है ?

(A) बभुविथ् (B) बभुव (C) बभुविव (D) बभूवथुः

13. 'ग्रामम् गच्छन् तृणं स्पृशति' वाक्य में कर्मसंज्ञा विधायक सूत्र कौन है ?

(A) कर्तुरीप्सिततमम् कर्म (B) कर्मणि द्वितीया

(C) तथायुक्तम् चानीप्सितम् (D) इनमें से कोई नहीं

14. कारक के नियमों के अनुसार शुद्ध वाक्य का चयन करें ।

(A) गंगा हिमालये प्रभवति (B) गंगा हिमालयात् प्रभवति

(C) गंगा हिमालयम् प्रभवति (D) इनमें से कोई नहीं

15. 'निकषा' शब्द के योग में किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) चतुर्थी विभक्ति (B) द्वितीया विभक्ति (C) तृतीया विभक्ति (D) पंचमी विभक्ति

16. 'राधेय' शब्द में किस तद्धित प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?

(A) ण्वुल् (B) इञ् (C) ठक् (D) अण्

17. 'कर्मवाच्य' में कर्त्ता किस विभक्ति में होता है ?

(A) तृतीया विभक्ति (B) प्रथमा विभक्ति (C) द्वितीया विभक्ति (D) चतुर्थी विभक्ति

18. "स माम् अनुगच्छति" वाक्य के कर्मवाच्य रूप का चुनाव करें ।

(A) तेन अहं अनुगम्यते (B) तेन अहं अनुगम्ये

(C) स मया अनुगच्छते (D) तेन मया अनुगम्यसे

19. निम्न में से णिच् प्रत्ययान्त रूप का चयन करें :

(A) गच्छति (B) गमिष्यति (C) जिगमिषति (D) गमयति

20. 'यथाशक्ति' समस्त पद निम्न में से किस समास से सम्बन्धित है ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष (C) द्वन्द्व (D) बहुब्रीहि

21. निम्न में से 'द्विगु तत्पुरुष' समास का उदाहरण है :

(A) प्रत्येकम् (B) पंचवटी (C) प्रतिदिनम् (D) पीतवस्त्रम्

22. 'कथ्यत्+ङीप्' का स्त्री प्रत्ययान्त रूप क्या है ?

(A) कथ्यति (B) कथ्यती (C) कथ्यन्ती (D) इनमें से कोई नहीं

23. 'नभौ भरौ' किस छन्द का लक्षण है ?

(A) शार्दूलविक्रीड़ित (B) वंशस्थ (C) भुजंगप्रयात (D) द्रुतविलम्बित

24. जहाँ उपमान की अपेक्षा उपमेय में कुछ उत्कृष्टता अथवा न्यूनता प्रदर्शित की जाए उस अलंकार का नाम क्या है ?

(A) व्यतिरेक (B) विभावना (C) विशेषोक्ति (D) विरोधाभास



Snow Study Himachal

https://snowstudy.in

25. 'वृत्तरत्नाकर' के रचयिता कौन हैं ?
(A) आचार्य मम्मट (B) केदार भट्ट (C) वाग्भट्ट (D) कान्ति चंद्र भट्ट

26. 'यष्टयः प्रविशन्ति' किस शब्द शक्ति से सम्बन्धित है ?
(A) व्यंजना (B) अभिधा (C) लक्षण लक्षणा (D) उपादान लक्षणा

27. रसनिष्पत्ति के विषय में 'अनुमितिवाद' के समर्थक विद्वान कौन हैं ?
(A) भट्टनायक (B) भट्ट लोल्लट (C) शंकुक (D) अभिनवगुप्त

28. 'वीर' रस का स्थायी भाव क्या है ?
(A) दया (B) उत्साह (C) शोक (D) शमः

29. 'शतसाहस्री संहिता' किसे कहते हैं ?
(A) ऋग्वेद (B) सामवेद (C) महाभारत (D) रामायण

30. 'गीतोपदेश' महाभारत के किस पर्व के अन्तर्गत आता है ?
(A) शांति पर्व (B) अनुशासन पर्व (C) आदि पर्व (D) भीष्म पर्व

31. 'भारतीय शेक्सपीयर' की संज्ञा किस कवि को दी गयी है ?
(A) बाणभट्ट (B) कालिदास (C) भारवि (D) कुमारदास

32. 'भवितव्यानाम् द्वाराणि भवन्ति सर्वत्र' वाक्यांश किस ग्रन्थ से उद्धृत है ?
(A) रघुवंश (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) उत्तररामचरितम् (D) रामायण

33. अलंकृतशैली का प्रवर्तक निम्न में से किस कवि को माना जाता है ?
(A) माघ (B) कालिदास (C) अश्वघोष (D) भारवि

34. 'हितम् मनोहारी च दुर्लभम् वचः' सूक्ति किस ग्रंथ से उद्धृत है ?
(A) कुमारसंभव (B) किरातार्जुनीयम् (C) शिशुपालवध (D) जानकीहरणम्

35. 'वागर्थाविव सम्पृक्तौ' से किस ग्रंथ का आरम्भ होता है ?
(A) कुमारसंभव (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्
(C) रघुवंश (D) मेघदूत

36. 'उदयन' निम्न में से किस नाटक का नायक है ?
(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) नागानन्द
(C) उत्तररामचरितम् (D) इनमें से कोई नहीं

37. नाटक के आरंभ में आने वाला देवस्तुतिपरक वाक्य क्या कहलाता है ?
(A) नान्दी (B) भरतवाक्य (C) प्रवेशक (D) विष्कंभक



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

38. कवित्व का निकष किसे कहा गया है ?
(A) पद्य रचना (B) गद्य रचना (C) गद्य–पद्य रचना (D) इनमें से कोई नहीं

39. सारे संसार को किस गद्य कवि की जूठन कहा गया है ?
(A) बाणभट्ट (B) दण्डी (C) धनपाल (D) सुबन्धु

40. 'कथासरित्सागर' के रचयिता कौन हैं ?
(A) कल्हण (B) बिल्हण (C) गुणाढ्य (D) सोमदेव

41. 'पंचतंत्र' के रचनाकार कौन हैं ?
(A) नारायणपंडित (B) भर्तृहरि (C) विष्णु शर्मा (D) इनमें से कोई नहीं

42. 'संदिग्ध साध्यवान्' निम्न में से किसे कहते हैं ?
(A) पक्ष (B) विपक्ष (C) सपक्ष (D) इनमें से कोई नहीं

43. श्रोत्र द्वारा शब्द के साक्षात्कार में कौन सा सन्निकर्ष होता है ?
(A) संयोग (B) संयुक्त समवाय (C) समवाय (D) समवेत समवाय

44. पच्चीस तत्त्वों की परिगणना किस दर्शन के अन्तर्गत होती है ?
(A) योग दर्शन (B) मीमांसा दर्शन (C) वेदान्त दर्शन (D) सांख्य दर्शन

45. निम्न में से पतंजलि प्रोक्त अष्टांग योग का अंग नहीं है ?
(A) यम (B) नियम (C) प्रत्याहार (D) ज्ञान

46. तर्क संग्रह के अनुसार गुण कितने हैं ?
(A) तीन (B) छः (C) चौबीस (D) इनमें से कोई नहीं

47. सांख्यदर्शन के अनुसार 'लघुप्रकाशकश्चास्ति' किस गुण का लक्षण है ?
(A) तम् (B) सत्त्व (C) रज (D) इनमें से कोई नहीं

48. मीमांसा दर्शन के प्रवर्तक कौन हैं ?
(A) कपिल मुनि (B) पतंजलि (C) गौतम (D) जैमिनि

49. 'असतो मा सद्गमय' महवाक्य का सम्बन्ध किस उपनिषद से है ?
(A) वृहदारण्यकोपनिषद् (B) छान्दोग्योपनिषद्
(C) मुण्डकोपनिषद् (D) ईशावस्योपनिषद्

50. मोक्ष को 'निर्वाण' का नाम किस दर्शन ने दिया है ?
(A) बौद्ध दर्शन (B) जैन दर्शन (C) योग दर्शन (D) सांख्य दर्शन

51. 'स्याद्वाद' का सिद्धान्त किस दर्शन से सम्बन्ध रखता है ?
(A) बौद्ध दर्शन (B) वेदान्त दर्शन (C) न्याय दर्शन (D) जैन दर्शन



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**52.** पुराणों की संख्या कितनी है ?

(A) अट्ठाईस (B) अठारह (C) चौबीस (D) इनमें से कोई नहीं

**53.** 'वेदोऽखिलो धर्ममूलम्' वाक्यांश किस ग्रंथ से उद्धृत है ?

(A) महाभारत (B) रामायण (C) मनुस्मृति (D) याज्ञवल्क्यस्मृति

**54.** शुक्र ग्रह को किन राशियों का स्वामी माना जाता है ?

(A) मेष और मिथुन (B) कर्क और तुला (C) तुला और धनु (D) वृष और तुला

**55.** जन्म-कुंडली में कितने भाव होते हैं ?

(A) चौदह (B) पन्द्रह (C) दस (D) बारह

**56.** कुंडली में सारे ग्रह किस स्थान को पूर्ण दृष्टि से देखते हैं ?

(A) चतुर्थ (B) अष्टम् (C) पंचम् (D) सप्तम्

**57.** रामायण में किस वैद्य ने संजीवनी देकर लक्ष्मण को पुनर्जीवित किया था ?

(A) चरक (B) शल्य (C) सुश्रुत (D) सुषेण

**58.** भीष्म पितामह का दूसरा नाम क्या था ?

(A) दृढ़व्रत (B) देवव्रत (C) देवदत्त (D) इनमें से कोई नहीं

**59.** अर्थशास्त्र की रचना किसने की ?

(A) बृहस्पति (B) कामन्दक (C) शुक्राचार्य (D) कौटिल्य

**60.** धर्म शास्त्रों के अनुसार निम्न में से विवाह का कौन सा प्रकार प्रेम विवाह माना जाता है ?

(A) प्राजापत्य (B) दैव (C) गान्धर्व (D) इनमें से कोई नहीं

**61.** 'वाष्कल' शाखा का सम्बन्ध किस वेद से है ?

(A) अथर्ववेद (B) यजुर्वेद (C) ऋग्वेद (D) सामवेद

**62.** 'शुक्ल और कृष्ण' के भेद से किस वेद का विभाजन हुआ है ?

(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद (C) सामवेद (D) अथर्ववेद

**63.** 'शतपथब्राह्मण' किस वेद से सम्बन्ध रखता है ?

(A) ऋग्वेद (B) यजुर्वेद (C) सामवेद (D) अथर्ववेद

**64.** गायत्री मंत्र के उपास्य देवता कौन हैं ?

(A) इन्द्र (B) वरुण (C) यम (D) सविता

**65.** "कुर्वन्नेवेह कर्माणि जिजिविषेच्छतं समा:" वाक्यांश का सम्बन्ध किस उपनिषद् ग्रंथ से है ?

(A) ईशावास्योपनिषद् (B) केनोपनिषद्

(C) तैत्तिरीयोपनिषद् (D) मुण्डकोपनिषद्



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

66. राजा तथा प्रजा के कर्त्तव्यों एवं अधिकारों का वर्णन किन सूत्र ग्रन्थों में उपलब्ध होता है ?

(A) ब्रह्म सूत्र (B) धर्म सूत्र (C) गृह्य सूत्र (D) श्रौत सूत्र

67. वेदांग कितने हैं ?

(A) चार (B) पाँच (C) तीन (D) छः

68. वेदपुरुष का 'मुख' किस वेदांग को कहा गया है ?

(A) शिक्षा (B) व्याकरण (C) छन्द (D) ज्योतिष

69. "द्वा सुपर्णा सयुजा सखाया समानं वृक्षं परिषस्वजाते" वाक्यांश किस उपनिषद् से सम्बन्ध रखता है ?

(A) मुण्डकोपनिषद् (B) ईशावास्योपनिषद्
(C) केनोपनिषद् (D) कठोपनिषद्

70. 'ऐ' का उच्चारण स्थान क्या है ?

(A) कण्ठ (B) कण्ठ तालु (C) कण्ठोष्ठ (D) दन्तोष्ठ

71. सन्धि नियमों के अनुसार निम्न में से 'गुण' किसे कहते हैं ?

(A) ओ और औ (B) ए और ऐ (C) ऐ और औ (D) ए और ओ

72. 'अहो ईशा' में प्रगृह्य संज्ञा विधायक सूत्र कौन सा है ?

(A) ईदूदेद् द्विवचनम् प्रगृह्यम् (B) ओत्
(C) अदसो मात् (D) ऋत्यकः

73. 'वारि' शब्द का प्रथमा विभक्ति के एकवचन में क्या रूप बनता है ?

(A) वारी (B) वारीणि (C) वारिणि (D) वारीणी

74. 'पितृ' शब्द का षष्ठी विभक्ति के एकवचन में क्या रूप बनता है ?

(A) पितरम् (B) पित्रा (C) पितरि (D) पितुः

75. क्रिया के आधार को क्या कहते हैं ?

(A) अधिकरण कारक (B) करण कारक
(C) सम्प्रदान कारक (D) कर्म कारक

76. कारक के नियमानुसार शुद्ध वाक्य का चयन करें ।

(A) सः कर्णात् बधिरः (B) सः कर्णस्य बधिरः
(C) सः कर्णेन बधिरः (D) इनमें से कोई नहीं

77. 'साकम्' शब्द के योग में किस विभक्ति का प्रयोग होता है ?

(A) चतुर्थी विभक्ति (B) द्वितीया विभक्ति
(C) तृतीया विभक्ति (D) पंचमी विभक्ति



https://snowstudy.in

**78.** 'पशुता' शब्द में किस तद्धित प्रत्यय का प्रयोग हुआ है ?

(A) मतुप् (B) त्व (C) तल् (D) इनमें से कोई नहीं

**79.** "वयम् पत्राणि लिखामः" वाक्य का कर्मवाच्य रूप चुनें ।

(A) अस्माभिः पत्राणि लिख्यते (B) मया पत्राणि लिख्यते

(C) मया पत्राणि लिख्यन्ते (D) अस्माभिः पत्राणि लिख्यन्ते

**80.** निम्न में से भूतकालिक प्रत्ययों का चयन करें :

(A) शतृ–शानच (B) क्त–क्तवतु (C) क्त्वा–ल्यप् (D) इनमें से कोई नहीं

**81.** 'निर्मक्षिकम्' समस्त पद निम्न में से किस समास से सम्बन्धित है ?

(A) अव्ययीभाव (B) तत्पुरुष (C) द्वन्द्व (D) बहुब्रीहि

**82.** 'नीलोत्पल' निम्न में से किस समास का उदाहरण है ?

(A) द्विगु (B) कर्मधारय तत्पुरुष (C) द्वन्द्व (D) अव्ययीभाव

**83.** 'गच्छत्+ङीप्' का स्त्री प्रत्ययान्त रूप क्या है ?

(A) गच्छति (B) गच्छती (C) गच्छन्ति (D) गच्छन्ती

**84.** 'तभजा जगौ गः' किस छन्द का लक्षण है ?

(A) वसन्ततिलका (B) वंशस्थ (C) भुजंगप्रयात (D) इन्द्रवज्रा

**85.** कारण के विद्यमान होते हुए भी कार्य का न होना किस अलंकार की विशेषता है ?

(A) व्यतिरेक (B) विभावना (C) विशेषोक्ति (D) विरोधाभास

**86.** 'काव्यप्रकाश' के रचयिता कौन हैं ?

(A) आचार्य मम्मट (B) केदार भट्ट (C) वाग्भट्ट (D) कान्ति चंद्र भट्ट

**87.** 'कुन्ताः प्रविशन्ति' किस शब्द शक्ति से सम्बन्धित है ?

(A) व्यंजना (B) अभिधा (C) लक्षण लक्षणा (D) उपादान लक्षणा

**88.** रसनिष्पत्ति के विषय में 'भुक्तिवाद' के समर्थक विद्वान कौन हैं ?

(A) भट्टनायक (B) भट्ट लोल्लट (C) शंकुक (D) अभिनवगुप्त

**89.** 'शृंगार' रस का स्थायी भाव क्या है ?

(A) दया (B) उत्साह (C) शोक (D) रति

**90.** निम्न में से किस ग्रंथ का दूसरा नाम 'जय' है ?

(A) महाभारत (B) रामायण (C) भागवत् पुराण (D) इनमें से कोई नहीं

**91.** 'रामोपाख्यान' महाभारत के किस पर्व के अन्तर्गत आता है ?

(A) शांति पर्व (B) वन पर्व (C) आदि पर्व (D) भीष्म पर्व



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**92.** निम्न में से उपमा अलंकार के प्रयोग में किस कवि को सर्वश्रेष्ठ माना जाता है ?

(A) माघ (B) कालिदास (C) भारवि (D) भवभूति

**93.** 'एको रसः करुण एव निमित्तभेदात् भिन्नः' वाक्यांश किस ग्रन्थ से सम्बन्ध रखता है ?

(A) रघुवंश (B) अभिज्ञानशाकुन्तलम्

(C) उत्तररामचरितम् (D) रामायण

**94.** किस कवि का काव्य 'नारीकेलफलसम्मित' माना जाता है ?

(A) माघ (B) कालिदास (C) अश्वघोष (D) भारवि

**95.** 'वरं विरोधोऽपि समं महात्मभिः' सूक्ति किस ग्रंथ से उद्धृत है ?

(A) कुमारसंभव (B) किरातार्जुनीयम् (C) शिशुपालवध (D) जानकीहरणम्

**96.** 'खण्ड काव्य की श्रेणी' में आने वाली कृति कौन है ?

(A) कुमारसंभव (B) शिशुपालवध (C) रघुवंश (D) मेघदूत

**97.** 'जीमूतवाहन' निम्न में से किस नाटक का नायक है ?

(A) अभिज्ञानशाकुन्तलम् (B) नागानन्द

(C) उत्तररामचरितम् (D) इनमें से कोई नहीं

**98.** 'मृच्छकटिक' किस प्रकार के रूपक का उदाहरण है ?

(A) नाटक (B) प्रकरण (C) डिम (D) त्रोटक

**99.** गद्य-पद्य से मिश्रित रचना को क्या कहते हैं ?

(A) महाकाव्य (B) खण्ड काव्य (C) चम्पू काव्य (D) इनमें से कोई नहीं

**100.** गद्य काव्य 'वासवदत्ता' के रचनाकार कौन हैं ?

(A) बाण भट्ट (B) दण्डी (C) धनपाल (D) सुबन्धु

**101.** 'वृहत्कथामंजरी' के रचयिता कौन हैं ?

(A) क्षेमेन्द्र (B) शिवदास (C) गुणाढ्य (D) सोमदेव

**102.** 'काकोलूकीय' किस ग्रन्थ का अंश है ?

(A) हितोपदेश (B) पंचतंत्र (C) नीतिशतक (D) इनमें से कोई नहीं

**103.** 'निश्चित साध्यवान्' निम्न में से किसे कहते हैं ?

(A) पक्ष (B) विपक्ष (C) सपक्ष (D) इनमें से कोई नहीं

**104.** अभाव का प्रत्यक्षीकरण किससे सन्निकर्ष होता है ?

(A) संयोग (B) संयुक्त समवाय

(C) विशेषणविशेष्यभाव (D) समवेत समवाय



Snow Study Himachal

https://snowstudy.in

105. निम्न में से कौन पतंजलि प्रोक्त अष्टांग योग का अंग नहीं है ?
(A) यम (B) नियम (C) प्रत्याहार (D) ज्ञान

106. 'संस्कारमात्रजन्य ज्ञान' क्या है ?
(A) बुद्धि (B) मन (C) स्मृति (D) इनमें से कोई नहीं

107. सत्त्व, रज और तमो गुण की साम्यावस्था किसे कहते हैं ?
(A) प्रकृति (B) पुरुष (C) पंचमहाभूत (D) अहंकारं

108. वेदान्त दर्शन के प्रवर्तक कौन हैं ?
(A) कपिल मुनि (B) शंकराचार्य (C) गौतम (D) जैमिनि

109. "अहिंसा परमो धर्मः" – वाक्य का सम्बन्ध किस दर्शन से है ?
(A) चार्वाक दर्शन (B) जैन दर्शन (C) बौद्ध दर्शन (D) इनमें से कोई नहीं

110. "त्रिपिटक" का सम्बन्ध किस दर्शन से है ?
(A) बौद्ध दर्शन (B) जैन दर्शन (C) योग दर्शन (D) सांख्य दर्शन

111. "यदिहास्ति तदन्यत्र यन्नेहास्ति न तत् क्वचित्" वाक्य का सम्बन्ध किस ग्रंथ से है ?
(A) रामायण (B) महाभारत (C) श्रीमद्भगवद्गीता (D) भागवत् पुराण

112. निम्न में से 'पिनाकी' किसे कहा जाता है ?
(A) अर्जुन (B) कर्ण (C) परशुराम (D) शिव

113. 'पांचजन्य' किसके शंख का नाम है ?
(A) अर्जुन (B) युधिष्ठिर (C) द्रोणाचार्य (D) श्रीकृष्ण

114. कालपुरुष की आत्मा किसे माना जाता है ?
(A) सूर्य (B) चन्द्र (C) बुध (D) बृहस्पति

115. ज्योतिष शास्त्र के अनुसार नक्षत्रों की संख्या क्या है ?
(A) चौबीस (B) पच्चीस (C) सत्ताईस (D) इनमें से कोई नहीं

116. कुंडली में 'त्रिक भाव' किस स्थान को कहते हैं ?
(A) चतुर्थ (B) अष्टम् (C) पंचम (D) षष्ठ

117. रामायण में 'शबरी' वृत्तान्त किस काण्ड के अन्तर्गत वर्णित है ?
(A) अयोध्या काण्ड (B) अरण्य काण्ड (C) सुन्दर काण्ड (D) किष्किन्धा काण्ड

118. पंचम वेद की संज्ञा निम्न में से किस ग्रंथ को दी गयी है ?
(A) महाभारत (B) ब्रह्मसूत्र (C) भागवत् पुराण (D) इनमें से कोई नहीं

Snow Study Himachal



https://snowstudy.in

119. निरुक्त की रचना किसने की ?

(A) सायण (B) यास्क (C) पतंजलि (D) वात्स्यायन

120. निम्न में से किसका समावेश पुरुषार्थ चतुष्ट्य में नहीं होता ?

(A) धर्म (B) मोक्ष (C) स्वर्ग (D) काम

121. शंकराचार्य जयेन्द्र सरस्वती किस पीठ के शंकराचार्य थे ?

(A) बदरिकाश्रम में ज्योतिर्पीठ (B) जगन्नाथपुरी गोवर्द्धन पीठ

(C) द्वारिकाशारदा पीठ (D) कांची कामाकोटी पीठ

122. वित्त वर्ष 2018-19 के आम बजट के अनुसार सरकार की सर्वाधिक आमदनी होती है

(A) आय कर से (B) केन्द्रीय उत्पाद शुल्क से

(C) ऋण से (D) वस्तु और सेवा कर (जी.एस.टी.) से

123. भारत ने हाल ही में आई.बी.एस.एफ. स्नूकर विश्वकप का खिताब किसे पराजित कर जीता है ?

(A) पाकिस्तान (B) चीन (C) इंग्लैंड (D) रूस

124. उत्तरवैदिक काल के सर्वाधिक प्रिय देवता थे

(A) इन्द्र (B) अग्नि (C) वरुण (D) प्रजापति

125. जैन धर्म के तेइसवें तीर्थंकर थे

(A) पार्श्वनाथ (B) महावीर (C) ऋषभदेव (D) इनमें से कोई नहीं

126. गान्धार महाजनपद की राजधानी थी

(A) तक्षशिला (B) मथुरा (C) वैशाली (D) कुशावती

127. हर्यंक वंश के संस्थापक थे

(A) अजातशत्रु (B) उदाय़िन (C) बिम्बिसार (D) पुष्यमित्र

128. कन्दरिया महादेव मन्दिर का निर्माण किस वंश के राजा द्वारा करवाया गया था ?

(A) चन्देल (B) परमार (C) चौहान (D) चोल

129. 'अढ़ाई दिन का झोपड़ा' किसने बनवाया था ?

(A) ग्यासुद्दीन तुगलक (B) इल्तुतमिश (C) बहलोल लोदी (D) कुतुबुद्दीन ऐबक

130. ग्रॉण्ड ट्रंक रोड किसने बनवाया था ?

(A) हुमायूँ (B) शेरशाह सूरी (C) शाहजहाँ (D) अकबर

131. 'फोर्ट विलियम कॉलेज' की स्थापना की

(A) लॉर्ड मिण्टो (B) लॉर्ड हेस्टिंग्स

(C) लॉर्ड ऑकलैण्ड (D) लॉर्ड वेलेजली



Snow Study Himachal

https://snowstudy.in

**132.** भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस द्वारा पूर्ण स्वराज की घोषणा किस वर्ष में की थी ?

(A) 1927 (B) 1928 (C) 1929 (D) 1930

**133.** हरा ग्रह कौन सा है ?

(A) वरुण (B) पृथ्वी (C) बुध (D) शुक्र

**134.** वायुमण्डल में सर्वाधिक वितरित गैस है

(A) ऑक्सीजन (B) हाइड्रोजन (C) नाइट्रोजन (D) ऑर्गन

**135.** 'हाथियों का देश' किसे कहते हैं ?

(A) लाओस (B) थाइलैण्ड (C) क्यूबा (D) सिंगापुर

**136.** 'वाशिंगटन' किस नदी के किनारे बसा है ?

(A) टेम्स (B) सीन (C) डेन्यूब (D) पोटोमेक

**137.** 'कर्क रेखा' भारत के कितने राज्यों से गुजरती है ?

(A) 5 (B) 6 (C) 7 (D) 8

**138.** 'गांधी सागर परियोजना' किस नदी पर बनी है ?

(A) कोसी (B) ताप्ती (C) नर्मदा (D) चम्बल

**139.** 'कृष्ण क्रान्ति' किस उत्पादन से संबंधित है ?

(A) बायोडीजल उत्पादन (B) उर्वरक उत्पादन

(C) समन्वित कृषि क्रान्ति (D) मसाला उत्पादन

**140.** 'पश्चिम-मध्य रेलवे' का मुख्यालय है

(A) जबलपुर (B) हुबली (C) कोलकाता (D) गोरखपुर

**141.** 'समुद्र-पुत्र' किसे कहते हैं ?

(A) कोच्चि (B) मुम्बई (C) लक्षद्वीप (D) मदुरै

**142.** 'गिर राष्ट्रीय उद्यान' किस राज्य में है ?

(A) राजस्थान (B) महाराष्ट्र (C) मध्यप्रदेश (D) गुजरात

**143.** तेलंगाना राज्य किस वर्ष में अस्तित्व में आया ?

(A) 2014 (B) 2015 (C) 2016 (D) 2017

**144.** मौलिक कर्त्तव्यों की कुल संख्या है

(A) 10 (B) 11 (C) 12 (D) 15

**145.** वर्तमान में लोकसभा की सदस्य संख्या है

(A) 543 (B) 545 (C) 548 (D) 552



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**146.** नीति आयोग का गठन किस वर्ष में हुआ था ?

(A) 1950 (B) 1991 (C) 2005 (D) 2015

**147.** संविधान की आठवीं अनुसूची के अनुसार कितनी भाषाओं को राजभाषा के रूप में मान्यता प्राप्त है ?

(A) 12 (B) 15 (C) 18 (D) 22

**148.** 'प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना' कब प्रारम्भ हुई ?

(A) 2015 (B) 2016 (C) 2017 (D) 2018

**149.** 'प्रथम अधिकृत जनगणना' कब हुई थी ?

(A) 1872 (B) 1881 (C) 1951 (D) 1991

**150.** 'न्यूनतम साक्षरता वाला राज्य' कौन सा है ?

(A) झारखण्ड (B) छत्तीसगढ़ (C) बिहार (D) ओडिशा

**151.** देश में पहला लौह-इस्पात कारखाना किस वर्ष में स्थापित हुआ था ?

(A) 1874 (B) 1907 (C) 1912 (D) 1921

**152.** पराश्रव्य तरंगें किसे कहा जाता है ?

(A) 20 हट्‌र्ज से कम (B) 20 से 20,000 हट्‌र्ज के बीच

(C) 20,000 हट्‌र्ज से अधिक (D) इनमें से कोई नहीं

**153.** लेन्स की क्षमता का मात्रक होता है

(A) डायोप्टर (B) ल्यूमेन (C) हेनरी (D) लक्स

**154.** 'रिवाल्वर' के आविष्कारक कौन थे ?

(A) मैकमिलन (B) डेमलर (C) कोल्ट (D) जैम्स वाट

**155.** प्राकृतिक गैस में मुख्यतः कौन सी गैस होती है ?

(A) एथेन (B) ब्यूटेन (C) प्रोपेन (D) मीथेन

**156.** शुष्क बर्फ का रासायनिक नाम है

(A) ट्राइक्लोरोमेथेन (B) मैग्नीशियम सल्फेट

(C) सोडियम नाइट्रेट (D) ठोस कार्बन डाई-ऑक्साइड

**157.** 'जर्मन सिल्वर' मिश्रधातु किससे बनती है ?

(A) टिन तथा लेड (B) कॉपर तथा टिन

(C) कॉपर तथा टिन (D) कॉपर, जिंक तथा निकिल



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

158. मलेरिया किस परजीवी से संबंधित है ?
(A) प्लाज्मोडियम
(B) लीशमानिया
(C) ट्रिपैनोसोमा
(D) इनमें से कोई नहीं

159. चन्द्रमा पर उतरने वाले प्रथम व्यक्ति थे
(A) चार्ल्स सिमोन्यी
(B) रॉबर्ट पियरी
(C) नील आर्मस्ट्रांग
(D) एमण्डसेन

160. सबसे छोटा महाद्वीप है
(A) एशिया (B) ऑस्ट्रेलिया (C) उत्तरी अमेरिका (D) दक्षिणी अमेरिका

161. हिमाचल प्रदेश में कुल प्रशासनिक मण्डल हैं
(A) 2 (B) 3 (C) 4 (D) 5

162. हिमाचल दिवस कब मनाया जाता है ?
(A) 25 जनवरी (B) 15 अप्रैल (C) 1 सितम्बर (D) 10 दिसम्बर

163. हिमाचल प्रदेश का राज्य वृक्ष है
(A) सेब (B) आम (C) देवदार (D) पलाश

164. हिमाचल प्रदेश की साक्षरता दर (जनगणना 2011 अनुसार) है
(A) 80.80% (B) 82.80% (C) 85.80% (D) 87.80%

165. 'आजीवन' में समास है
(A) तत्पुरुष (B) द्वन्द्व (C) बहुव्रीहि (D) अव्ययीभाव

166. 'जिसके समान दूसरा न हो' के लिए एक शब्द है
(A) द्वितीय (B) अद्वीतिय (C) अद्वितीय (D) अदिति

167. 'शान्ति' क्या है ?
(A) विशेषण (B) संज्ञा (C) सर्वनाम (D) इनमें से कोई नहीं

168. Antonym of the word 'Zest' is
(A) morose (B) bright (C) intelligence (D) irritation

169. Meaning of the idiom 'To give a person the cold shoulder' is
(A) to offer someone icecream
(B) to sit straight
(C) to be humble
(D) to treat coldly

170. Our examination commences ________ Monday next.
(A) from
(B) on
(C) at
(D) no preposition is needed



Snow Study Himachal
https://snowstudy.in

**Space For Rough Work / कच्चे कार्य के लिए स्थान**

Snow Study Himachal



https://snowstudy.in